**सफलता** | बच्ची सकुशल दस्तयाब, धूमा पुलिस के सुपुर्द

# सिवनी से चार साल की मासूम किडनैप, जबलपुर पुलिस ने पकड़े अपहरणकर्ता



**जबलपुर।** सिवनी धूमा से चार साल की मासूम का किडनेप करने वाले दो अपहरणकर्ताओं को जबलपुर पुलिस ने दबोच लिया है। साथ ही बच्ची को सकुशल दस्तयाब कर लिया है। आरोपित और बच्ची को धूमा पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक जिला सिवनी थाना धूमा में 26 सितम्बर को श्रीमति हेमवती उईके 55 वर्ष निवासी टंकी मोहल्ला धूमा सिवनी ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसकी मंझली बेटी आरती की शादी बरगी में हुई थी आरती अपनी 4 वर्षिय बेटी राशि बरकडे के साथ विगत 1 वर्ष से उसके साथ रह रही थी जो 1 माह पूर्व बच्ची को उसके पास छोडकर मजदूरी करने नागपुर गयी। 25 सितम्बर को सुबह दस बजे घर के पास राशि खेल रही थी, वह घर के अंदर काम कर रही थी लगभग 10-30 बजे घर के बाहर पहुंची तो देखी कि राशि नहीं थी आसपास एवं गांव में अब तक तलाश करती रही कुछ पता नहीं चला है। अज्ञात उसकी 4 वर्षिय नातिन कु. राशि को बहला फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धूमा थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी।

### शहर में लोकेशन, कप्तान को मिली सूचना, घूमा पुलिस ने क्राइम ब्रांच के साथ की छापेमारी

विवेचना के दौरान मढदेवरी घूमा निवासी रूपेश यादव जो कि कभी-कभी बच्ची को अपने साथ खिलाने ले जाता था, घटना स्थल के पास पास घूमता देखा गया था, जानकारी मिलने पर रूपेश यादव की तलाश करने पर रूपेश घर पर नहीं मिला, पतासाजी के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि रूपेश जबलपुर में मजदूरी कर रहा है। मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय को मिली। कप्तान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह द्वारा टीम लगायी गई। क्राइम ब्रांच जबलपुर और घूमा पुलिस ने शहर में छापेमारी की।

### आरोपियों को पकड़कर धूमा ले गई पुलिस

कोतवाली थाना अंतर्गत बल्देवबाग स्थित निर्माणाधीन मकान की उपरी मंजिल में दबिश दी गयी जहां 2 युवक एवं 4 वर्षिय बालिका के साथ मिले। दोनो युवकों ने पूछताछ पर अपने नाम रूपेश यादव पिता वीरन यादव 22 वर्ष निवासी मढदेवरी धूमा जिला सिवनी एवं यशवंत यादव पिता पंचम यादव 22 वर्ष निवासी बावली धूमा जिला सिवनी बताये, बच्ची के सम्बंध में पूछताछ करने पर टंकी मोहल्ला में रहने वाली 4 वर्षिय बालिका जो अपने घर के सामने खेल रही थी को अपने साथी यशवंत के साथ घूमाने के लिये लेकर आ जाना एवं उक्त निर्माणाधीन मकान में रखना बताया। दोनों आरोपियों को 4 वर्षिय बच्ची को सकुशल धूमा पुलिस के सुपुर्द किया गया।

# रिछाई और आधारताल में संचालित 70 उद्योगों-ईकाईयों को दिये गए नोटिस

- बिना अनुज्ञा लाइसेंस लिए रहीं थीं इकाईयां
- 3 दिन का दिया गया समय



**नवभारत, जबलपुर।** बिना लाइसेंस लिए अधारताल और रिछाई क्षेत्र में संचालित हो रहीं औद्योगिक ईकाईयों पर नगर निगम सख्ती दिखाई है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने अधारताल और रिछाई औद्योगिक क्षेत्र में संचालित सभी ऐसी ईकाईयों को नोटिस जारी किए हैं, जिन्होंने अब तक नगर निगम से अनुज्ञा लाइसेंस नहीं बनवाया है। बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा 70 उद्योग ईकाईयों को चिन्हित कर नोटिस जारी किये गए हैं।नोटिस मिलने के बाद तीन दिन की समय-सीमा दी गई है। इस अवधि में संबंधित ईकाइयों को नगर निगम से अपना अनुज्ञा लाइसेंस बनवाना अनिवार्य होगा। समयसीमा के भीतर यदि लाइसेंस नहीं बनवाया गया, तो निगम द्वारा कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें आर्थिक दंड और अन्य कठोर कदम भी शामिल हो सकते हैं।

### लाइसेंस बनवाना है अनिवार्य

बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने ये भी बताया कि मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम के तहत औद्योगिक ईकाईयों और वाणिज्यिक संस्थानों के लिए यह लाइसेंस अनिवार्य है। इसके बिना कोई भी औद्योगिक गतिविधि कानूनी रूप से मान्य नहीं मानी जाएगी। यही नहीं, अधिनियम के प्रावधानों के तहत निजी क्षेत्र के बैंक भी इस अनुज्ञा लाइसेंस के दायरे में आते हैं। नगर निगम का मानना है, कि बिना अनुज्ञा लाइसेंस के संचालित हो रही औद्योगिक ईकाइयाँ न केवल कानून का उल्लंघन कर रही हैं, बल्कि इससे नगर निगम को राजस्व की हानि भी हो रही है। अनुज्ञा शुल्क से प्राप्त राशि शहर के विकास कार्यों में उपयोग होती है, ऐसे में इसका पालन करना सभी पर अनिवार्य है।

## रिमझिम बरसे बदरा

**जबलपुर।** सक्रिय मानसून प्रणालियों के असर से मौसम की रंगत बदल गई है। शनिवार को सुबह से सूर्यदेव और बादलों के बीच आंख मिचौली का खेल चला। दिन चढ़ते ही बादलों ने डेरा डाल लिया। रिमझिम बारिश हुई। जिससे शहर की सड़के तरबतर हो गई। मानसून सीजन में बारिश का आंकड़ा 1180.6 मिमी रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। आज भी गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग की माने तो 30 सितंबर को उत्तरी अंडमान सागर में एक ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से 1 अक्टूबर के आसपास बंगाल की खाड़ी के उत्तर और उससे सटे मध्य भाग में एक निम्न दबाव क्षेत्र बनने की संभावना है।

# एक माह पहले होंगी छमाही परीक्षाएं

**दिसंबर में होने वाली परीक्षा नवंबर में होगी**



**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश बोर्ड द्वारा इस वर्ष छमाही परीक्षा एक माह पहले कराने का फैसला लिया है। जानकारी के अनुसार नौवीं से 12वीं तक की छमाही परीक्षाएं जो दिसम्बर में होती थी, वह इस वर्ष नवंबर में 3 से 13 नवंबर तक आयोजित होंगी। इससे छमाही परीक्षा के बाद विद्यार्थियों को बोर्ड व वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी करने का भरपूर समय मिल जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि दिसंबर की जगह नवंबर में छमाही परीक्षाएं होने से स्कूलों को भी क 50 से 60 प्रतिशत पाठ्यक्रम अक्टूबर तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

### बोर्ड की दो परीक्षाएं इसलिए छमाही जल्दी

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस बार बोर्ड परीक्षाएं इसलिए जल्दी आयोजित की जा रही है, क्योंकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बोर्ड की दो परीक्षाएं कराया जाना है। माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) ने एक मुख्य परीक्षा फरवरी में कराने के लिए समय-सारिणी जारी कर दी है। दूसरी परीक्षा जून में आयोजित किए जाने की संभावना है। इस कारण स्कूल शिक्षा विभाग को छमाही परीक्षा का कार्यक्रम परिवर्तित करना पड़ा है।

# छत्तीसगढ़ से हरियाणा ले जा रहा था यूकेलिप्टस की 40 टन लकड़ियां

**वन विभाग की टीम ने पकड़ा बरगी के तिनसी इलाके में कार्यवाही**



**नवभारत, जबलपुर।** वन विभाग की टीम ने बरगी के तिनसी इलाके में मुखबिर की सूचना के बाद पहुंचकर करीब 40 टन यूकेलिप्टस की लकड़ियों से लोड ट्रक को पकड़ा है। पूरी कार्यवाही डीएफओ ऋषि मिश्रा के मार्गदर्शन व वन परिक्षेत्र अधिकारी अपूर्व शर्मा के नेतृत्व की की गई है। इस संबंध में वन विभाग के अधिकारी अपूर्व शर्मा ने नवभारत को बताया कि ट्रक क्रमांक एनएल 01 एएच 2962 में करीब एक लाख रुपए कीमत की 40 टन यूकेलिप्टस की लकड़ियां लोड थीं।

मौके से ट्रक व लकड़ियों को जप्त किया गया है। वाहन असलम के नाम पर रजिस्टर्ड होना सामने आया है। साथ ही उन्होंनें बताया कि चालक से पूछताछ में सामने आया कि ये लकड़ियां चालक छत्तीसगढ़ से लेकर आया था और उसे हरियाणा ले जा रहा था। जानकारी के अनुसार जो ट्रक वन विभाग ने पकड़ा है उसके नंबर के आधार पर यह वाहन नागालैंड का है। अब वन विभाग की टीम आगे की कार्यवाही को अंजाम देने कदम बढ़ा रही है।

# साइबर ठग ने आरटीओ ई-चालान का मैसेज भेज रकम खाते से उड़ाई

**जबलपुर।** साइबर ठग ने ट्रांसपोर्ट कारोबारी को सिग्नल तोड़ने के लिये आरटीओ का जारी ई-चालान का मैसेज भेज और जैसे ही लिंक खुली तो खाते से 59,700 निकाल लिए गए। लॉर्डगंज पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस ने बताया कि हरि प्रसाद यादव 47 वर्ष निवासी बल्देबाग थाना लार्डगंज ने लिखित शिकायत की कि वह ट्रांसपोर्ट का काम करता है। उसके मोबाइल के व्हाट्सएप में आरटीओ के नाम से व्हाट्सएप संदेश प्राप्त हुआ था जिसमे 500 रुपये का ई-चालान सिग्नल तोडने के लिये बताया गया था उसमे एक फाईल आई जिसे ओपन करने पर उसके मोबाइल में लगातार ओटीपी आने लगे। इसके बाद आईडीबीआई बैंक के अकाउण्ट नंबर से 59,700 रुपये का ट्रांजेक्शन हो गया। उसके व्हाट्सएप से अन्य नंबरो में भी मैसेज हो रहे थे उसे जानकारी लगी कि उसका व्हाट्सएप नंबर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हैक कर लिया गया है एवं उसके अकाउण्ट से 59,700 रुपये छल पूर्वक ट्रांजेक्शन कर लिया गया है।

# लापता बालक मुंबई में मिला, क्रिकेट खेलने गया तो नहीं लौटा था

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत रक्षानगर कॉलोनी से शुक्रवार को लापता हुआ 13 वर्षीय बालक शनिवार को मुंबई में मिल गया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि बालक ट्रेन में बैठकर मुंबई पहुंचा था। रेल्वे स्टेशन पर आरपीएफ ने उसे पकड़ा है। मामले की सूचना रांझी पुलिस और उसके परिजनों को दे दी गई है। सूचना मिलते ही परिजन मुंबई के लिए रवाना हो गए और आज वहां पहुंच जायेगे। बालक किन कारणों से मुंबई चला गया था इसका पता नहीं परिजनों के वहां पहुंचने के बाद ही चल सकेगा। टीआई उमेश गोल्हानी ने बताया कि रांझी बड़ा पत्थर रक्षा कॉलोनी निवासी कार्तिक यादव पिता विकास यादव 13 वर्षीय का वीएफजे गेट नंबर 6 के पास क्रिकेट एकेडमी में प्रेक्टिस करता था। रांझी के सेंट जोसेफ स्कूल 8वीं कक्षा में पढ़ता है। शुक्रवार दोपहर 3-30 बजे वह रोजाना की तरह क्रिकेट खेलने गया था लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा। चिंतित परिजनों ने अपने स्तर पर खोजबीन की। एकेडमी जाकर भी जानकारी जुटाई तो पता चला कि कार्तिक एकेडमी नीं आया था। परिजनों ने रिश्तेदारों से लेकर परिचितों से संपर्क किया लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा जिसके बाद परिजन थाने पहुंचे औरपुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। अज्ञात पर अपहरण की आशंका भी जाहिर की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू की। इस बीच पता चला कि बालक मुंबई स्टेशन में मिल गया है। आरपीएफ ने रेल्वे स्टेशन से उसे पकड़ा है। बालक का मुंबई में ही मौसेरा भाई भी रहता है जिसे सूचना दी गई वह पहुंचा और शिनाख्त की जिसके बाद मामले की सूचना रांझी पुलिस और परिजनों को दी गई। परिजन सूचना मिलते ही मुंबई के लिए रवाना हो गए जो रविवार को पहुंचेगे जिसके बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा कि बालक किन कारणों से मुंबई पहुंचा था।

# जुटाए साक्ष्य, पड़ताल पूरी, रिपोर्ट बनी, आज होगी पेश

**दो मासूमों की मौत के जिम्मेदारों पर अब कार्रवाई का इंतजार**

**जबलपुर।** तिलवारा थाना के अंतर्गत बरगी हिल्स में 24 सितम्बर की रात्रि दुर्गा पंडाल के बाहर सड़क पर विद्युत साज सज्जा के लिये लगाई गई झालर के तार से लोहे के पाइप के जरिये संपर्क में आने पर दोनों बच्चों की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस के साथ जिला प्रशासनिक टीमें जांच पड़ताल में जुट गई। है। हादसा कैसे और किन परिस्थितियों में हुआ और इसके जिम्मेदार कौन है समेत अन्य बिन्दुओं पर जांच हुई। गठित की गई टीम की जांच पड़ताल पूरी हो गई। इसके साथ ही रिपोर्ट भी तैयार कर ली गई है जिसे आज कलेक्टर के समक्ष पेश किया जायेगा। जांच में लापरवाही सामने आई है। अब दो मासूमों की मौत के जिम्मेदारों पर कार्रवाई का इंतजार हे।

### क्या है मामला

विदित हो आयुष झारिया पिता आशीष झारिया निवासी गणेश मंदिर के पास बरगी हिल्स एवं बेद श्रीवास 10 वर्ष पिता विपिन श्रीवास 40 वर्षीय निवासी बरगी हिल्स दोनों खेल रहे थे तभी खेलते समय बिजली का पाईप पकड़ लिया करंट की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई थी।

### समिति सदस्यों, परिजनों के बयान दर्ज, लापरवाही आई सामने

तिलवारा थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि समिति सदस्यों और परिजनों के बयान दर्ज कर लिए गए है। इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है। अब तक की जांच में लापरवाही सामने आई है। विस्तृत जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### तीन सदस्यीय दल कलेक्टर को सौंपेगा रिपोर्ट

मामले में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जांच के आदेश दे दिए थे घटना की जाँच के लिये एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्यीय दल गठित किया गया दल में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ ईएण्डएम एस के शर्मा एवं पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी के सहायक यंत्री दिनेश पाल को सदस्य बनाया गया है। कलेक्टर के मुताबिक जांच पूरी कर ली गई है रिपोर्ट भी तैयार कर ली गई है आज दल रिपोर्ट सौंपेगा जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# हाईकोर्ट में 10 विशेष पीठों ने 337 प्रकरणों का किया निराकरण

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट को 4 लाख 82 हजार 627 कुल लंबित मुकदमों के बोझ से निजात दिलाने युद्ध स्तर पर प्रयास जारी हैं। इस अभियान के अंतर्गत निरंतर दूसरे शनिवार को 10 विशेष पीठों ने 337 प्रकरणों का निराकरण किया। इनमें से आठ विशेष पीठों ने जमानत अर्जियों में सुनवाई की, जबकि शेष दो पीठों के समक्ष सर्विस व अवमानना के प्रकरण सुने गए। दरअसल, हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा के निर्देश पर इन विशेष पीठों का गठन किया गया है। शनिवार को आठ विशेष पीठों ने कुल 866 जमानत के मामलों पर सुनवाई की। इनमें से से 296 मामले निराकृत कर दिए गए। वहीं, सेवा संबंधी मामलों की सुनवाई कर रही दोनों बेचों ने कुल 41 मामलों का निराकरण किया। इस तरह एक दिन में ही 337 लंबित मामलों का पटाक्षेप कर दिया गया। जबकि पहले शनिवार को आठ विशेष बेंच में कुल 864 मामले सुनवाई के लिए रखे गए थे, जिनमें से 350 प्रकरणों का निराकरण किया गया था। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन व सचिव परितोष त्रिवेदी के अनुसार उन्होंने मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा को बताया था कि मुख्यपीठ में इस वर्ष दायर की गई व लंबित जमानत अर्जियों का आंकड़ा तीन हजार के पास पहुंच गया है।

# दफ्तरों के गलियारे

## जनप्रतिनिधियों के लिए नुमाइंदे हुए खास

आम रेल यात्रियों के मुद्दों पर बात करने के लिए गत दिनों रेलवे ने एक बैठक बुलाई। जिसमें रेलवे के अधिकारियों द्वारा जन प्रतिनिधियों को जानकारियां देनी थी, लेकिन बैठक में ज्यादातर माननीय खुद शामिल नहीं हुए बल्कि अपने नुमाइंदे भेज दिए, यह नजारा देख रेलवे अधिकारियों के भी चेहरे लटक गए थे। हालांकि इन नुमाइंदों ने भी सुझाव दिए किन्तु अधिकारियों ने भी एक कान से सुनकर दूसरे से निकाल दिए। जब इस सब की खबर प्लेटफार्म में ट्रेन छूट जाने के गम में बैठे चच्चा जान को लगी तो खिसियाते हुए बोले, आना कभी वोट मांगने, तेज आवाज़ में कहूंगा, घर पर नहीं हूं।

## अब तो अध्यक्ष की भी नहीं सुन रहे कर्मचारी

जिले के सबसे बड़े विश्वविद्यालय के कर्मचारी संघ के अंदर अब आपसी समन्वय बैठता हुआ नजर नहीं आ रहा है। विगत कई दिनों से कर्मचारी संघ विश्वविद्यालय के प्रशासन पर आरोप लगाते हुए हड़ताल कर रहा था। हाल ही में संघ के अध्यक्ष द्वारा हड़ताल खत्म करने की घोषणा की गई थी। लेकिन उसके बावजूद भी संघ के कुछ कर्मचारी हड़ताल खत्म करने की घोषणा का ही विरोध जताने लगे और विश्वविद्यालय में हड़ताल पर बैठे नजर आए। जिससे यह देखा जा रहा है कि जो संघ एकता की मिसाल बनते हुए तत्परता से खड़ा रहता है, उसी संघ के अंदर गुटबाजी चल रही है। जिसका परिणाम यह है कि अध्यक्ष द्वारा लिखित रूप से हड़ताल खत्म करने की घोषणा भी बहुत से कर्मचारी नहीं मान रहे हैं। अब देखना होगा कि संघ के अंदर चल रही यह गुटबाजी संघ की एकता ना तोड़ दे।

## नियम-कानून पर भारी डीलिंग

न हाथ में हथकड़ी, न आसपास पुलिस कर्मियों की तैनाती और सुविधाओं में अस्पताल के भीतर होटल का अच्छा खाना खाना...ये नजारा संभाग के सबसे बड़े मेडिकल अस्पताल परिसर में दुष्कर्म के आरोपी का रहा जिसने अस्पताल प्रबंधन के साथ कैदी की सुरक्षा में तैनात रहने वाले जेल प्रहरियों को कटघरे में लाकर खड़ा कर दिया। चर्चा है कि तगड़ी डीलिंग के बाद कैदी को वीआईपी ट्रीटमेंट दिया गया, जिसने सरकारी महकमे के सारे प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ा दीं। मेडिकल अस्पताल में मौजूद अन्य मरीजों के परिजनों को जब ये पता चला कि डिंडोरी जिले में कृष्ण कुमार चंदेल नामक व्यक्ति ने एक महिला के साथ दुष्कर्म किया है और जेल में बीमारी का बहाना बनाकर मेडिकल में आकर भर्ती हुआ है तो उन्होंने वीआईपी ट्रीटमेंट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड कर दिया जिसके बाद तमाम सवाल पूछा जा रहा है कि खातिरदारी की डीलिंग आखिर कितने में हुई..

## श्रेय तो हम ही लूटेंगे चाहे भद्द पिट जाए

शीर्षक दो थानों को लेकर जुड़ा हुआ है। दरअसल कार्रवाई कोई भी करें श्रेय तो हम ही लूटेंगे की तर्ज पर दो थानों में काम चल रहा है। कितनी मेहनत के बाद आरोपी को पकड़ा गया, यह बताने और अपनी ही पीठ थपथपाने के चक्कर में दोनों थाने फ्लैश-कैमरा-एक्शन के साथ अपनी-अपनी स्क्रिप्ट बना रहे, जिसमें आरोपी, जब्ती कहानी एक जैसी ही होती हैं, लेकिन कार्रवाई में अहम भूमिका निभाने वाले साहब, स्टॉफ के नाम अलग-अलग रहते हैं, जिसे देखकर आरोपी भी अचंभित हैं। पुराने वाले तो समझ जाते हैं लेकिन अपराध की दुनिया में कदम रखने वाले नए नवेले सोच में डूब जाते हैं। वाहवाही लूटने के चक्कर में भद्द पिटवाने वालों के चर्चे अब बड़े साहबों तक पहुंच गए हैं।

धनंजय श्रीवास्तव, अमन पटेल, विवेक दुबे, अजहर खान

# डिवाइडरों की रंगाई-पुताई में लापरवाही पर ठोंका 25 हजार का जुर्माना

- दो दिन के अंदर ई-अटैंडेंस प्रणाली लागू करने दिए निर्देश
- निगमायुक्त ने अपनाया सख्त रूख



**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार ने शहर के डिवाइडरों की रंगाई-पुताई में लापरवाही बरतने पर एम. वारिश कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही उन्होंने संबंधित उपयंत्री को नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही नगर निगम में समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त द्वारा विभागवार लगे आउटसोर्स श्रमिकों की भी जानकारी ली और आउटसोर्स पर सप्लाई करने वाले एजेंसियों के संचालकों को निर्देशित किया कि दो दिवस के अंदर अपने अपने कर्मचारियों का ई-अटैंडेंस की प्रणाली के मध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने की प्रक्रिया का पालन करें। उन्होंने निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को भी 100 प्रतिशत ई-अटैंडेंस से ही उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिये।

### करदाताओं को छूट लेने बचे सिर्फ 3 दिन

करदाताओं को अब छूट का लाभ लेने मात्र 3 दिन शेष बचा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने 5 विभागों के कार्यो की शनिवार को समीक्षा की। सबसे पहले उन्होंने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए राजस्व अमले को रविवार को भी राजस्व वसूली में गति लाने के निर्देश दिये और यह भी कहा कि राजस्व अमले के सभी सदस्य करदाताओं से नियमित रूप से सम्पर्क रखें और उनसे मधुर व्यवहार रखते हुए सम्मान के साथ बकाया करों की राशि जमा कराएं। निगमायुक्त द्वारा करदाताओं से भी अपील करते हुए कहा है कि अब छूट का लाभ लेने मात्र तीन दिन शेष है इसलिए 30 सितम्बर तक समस्त बकाया करों की राशि जमा कर छूट का लाभ लेते हुए अधिभार से बचें।

### आर.बी. कंसल्टेंट के टीम लीडर को नोटिस जारी

निगमायुक्त ने अमृत फेस 2.0 के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने अभी तक मात्र 16 प्रतिशत की प्रगति देखकर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए आर.बी. कंसल्टेंट के टीम लीडर के साथ-साथ बैठक में उपस्थित अन्य पदाधिकारियों के प्रति भी नाराजगी जाहिर की और कारण बताओ नोटिस जारी कर एक सप्ताह के अंदर कार्यो में व्यापक सुधार लाते हुए प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के सख्त हिदायत दी। इसी प्रकार तालाबों के उन्नयनीकरण और उच्चस्तरीय पानी के टंकियों के निर्माण कार्य को लेकर भी काफी नाराजगी जाहिर की और आपसी तालमेल बैठाकर जमीनी स्तर पर उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में परियोजनाओं को पूर्ण करने की हिदायत दी।

## रेलवे की जमीन पर दुर्गा पूजा पंडाल के मामले पर अर्जेंट सुनवाई से इंकार

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने अपनी टिप्पणी में कहा कि कुछ दिनों के लिए आयोजित किए जाने वाले धार्मिक आयोजनों का ऐसा विरोध स्वीकार्य नहीं है। वे उस याचिका की सुनवाई कर रहे थेए जिसमें नवरात्र के दौरान गौरीघाट क्षेत्र स्थित एक दुर्गा पंडाल को अवैध बताया गया है। सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि याचिकाकर्ता ने केवल गौरीघाट ही नहीं बल्कि पूरे शहर में लगे दुर्गा उत्सव पंडालों के विरुद्ध भी एक जनहित याचिका दायर की है। कोर्ट ने फिलहाल इस मामले में त्वरित राहत देने से साफ इंकार कर दिया। न्यायालय ने मामले में उक्त दुर्गा पंडाल को भी पक्षकार बनाने के निर्देश देकर मामले निराकृत अगली सुनवाई 10 अक्टूबर को नियत की है।






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57